भारत सरकार/Government of India
अंतरिक्ष विभाग/Department of Space
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/Indian Space Research Organisation
**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**
तिरुवनंतपुरम/Thiruvananthapuram - 695 022

# विज्ञापन सं. वीएसएससी-328, दिनांक 11.11.2023
# ADVERTISEMENT NO. VSSC-328 DATED 11.11.2023

| महत्वपूर्ण तिथियां<br>IMPORTANT DATES | |
|---|---|
| **पात्रता की निर्णायक तिथि**<br>**CRUCIAL DATE OF ELIGIBILITY** | **27.11.2023, समय/Time: 1700 बजे/Hrs** |
| **ऑन-लाइन आवेदन के खुलने की तिथि**<br>**OPENING DATE OF ONLINE APPLICATION** | **13.11.2023, समय/Time: 1000 बजे/Hrs** |
| **ऑन-लाइन आवेदन की प्रस्तुति समाप्त होनेवाली तिथि**<br>**CLOSING DATE OF SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION** | **27.11.2023, समय/Time: 1700 बजे/Hrs** |
| **लिखित परीक्षा की संभावित तिथि**<br>**TENTATIVE DATE OF WRITTEN TEST** | **वीएसएससी वेबसाइट में घोषित की जानी है**<br>**TO BE ANNOUNCED IN VSSC WEBSITE** |

## निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है
## INVITES APPLICATION FOR THE FOLLOWING POSTS

<table>
<tr><th rowspan="2">पद सं.<br>Post No</th><th rowspan="2">पद एवं वेतन स्तर<br>Post & Pay Level</th><th rowspan="2">पदों की सं.<br>No. of posts</th><th colspan="4">आरक्षित/Reserved for</th><th rowspan="2">पद के लिए अनिवार्य योग्यताएं<br>Essential qualifications for the post</th><th rowspan="2">शारीरिक अपेक्षाएं<br>Physical Requirements</th><th rowspan="2">कार्य की प्रकृति<br>Nature of job</th></tr>
<tr><th>अना.<br>UR</th><th>अ.पि.व.<br>OBC</th><th>अनु.जा.<br>SC</th><th>ईडब्ल्यूएस<br>EWS</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1521</td><td rowspan="2">लघु वाहन चालक-ए<br>Light Vehicle Driver-A<br>स्तर/Level 02<br>(₹19,900 – ₹63,200/-)</td><td rowspan="2">09</td><td>05</td><td>02</td><td>01</td><td>01</td><td rowspan="2">1. एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिक/10वीं कक्षा में उत्तीर्ण/Pass in SSLC/SSC/Matric/10th Std.<br>2. वैध एलवीडी लाइसेंस होना चाहिए/Must possess valid LVD license.<br>3. लघु वाहन चालक के रूप में 3 वर्ष का अनुभव/3 years' experience as Light Vehicle Driver.<br><br>इन पदों पर अभ्यर्थी के नियुक्त होने के तीन महीने के अंदर केरल राज्य के मोटर वाहन अधिनियम की अन्य किसी भी अपेक्षा को पूरा किया जाना चाहिए।<br>Any other requirement of the Motor Vehicle Act of Kerala State should be met within 3 months after the candidate joins the posts.</td><td rowspan="2">एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, सी, बीए, बीएल<br>S, SE ST, W, BN, MF, C, BA, BL</td><td rowspan="2">सामग्रियों और कार्मिकों के परिवहन के लिए लघु वाहनों का प्रचालन और अनुरक्षण करना। यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि वाहन संगत नियमों के अनुसार है। वाहन के अनुरक्षण और उपयोग का अभिलेख रखें, परिवहन कार्यक्रमों के समन्वयन हेतु डिस्पैचरों और अन्य कार्मिकों के साथ बातचीत करें।<br>Operating and maintaining light vehicles for the transportation of goods and personnel. Responsible for ensuring the vehicle is in compliance with relevant regulations. Keep record of vehicle maintenance and usage, communicate with dispatchers and other personnel to co-ordinate transportation schedules.</td></tr>
<tr><td colspan="4">09 में से 01 पद पूर्व- सैनिकों के लिए आरक्षित है।<br>Out of 09, 01 post is reserved for Ex-servicemen.</td></tr>
</table>

| पद सं. Post No | पद एवं वेतन स्तर Post & Pay Level | पदों की सं. No. of posts | आरक्षित/Reserved for | | | | पद के लिए अनिवार्य योग्यताएं Essential qualifications for the post | भौतिक आवश्यकताएं Physical Requirements | कार्य की प्रकृति Nature of job |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. UR | अ.पि.व. OBC | अनु.जा. SC | ईडब्ल्यूएस EWS | | | |
| 1522 | भारी वाहन चालक-ए Heavy Vehicle Driver-A स्तर/Level 02 (₹19,900 – ₹63,200/-) | 09 | 05 | 02 | 01 | 01 | 1. एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिक/10वीं कक्षा में उत्तीर्ण/Pass in SSLC/SSC/Matric/10th Std.<br>2. वैध एचवीडी लाइसेंस होना चाहिए/Must possess valid HVD license.<br>3. वैध लोक सेवा बिल्ला होना चाहिए/Must possess valid Public Service Badge.<br>यदि किसी राज्य (राज्यों)/संघ शासित प्रदेश (शों) में लोक सेवा बिल्ला अनिवार्य नहीं है तो ऐसे राज्य (राज्यों)/संघ शासित प्रदेश (शों) से आनेवाले अभ्यर्थियों को उस पद पर कार्यग्रहण के 3 महीने के अंदर इस अपेक्षा की पूर्ती करनी चाहिए।/In case Public Service Badge is not mandatory in any State(s)/Union Territory(ies) candidates from such State(s) /Union Territory(ies) should meet this requirement within 3 months of joining the post.<br>4. 5 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम-से-कम 3 वर्ष भारी वाहन चालक के रूप में हो तथा शेष अवधि लघु वाहन चलाने का अनुभव हो।/5 years' experience out of which minimum 3 years as Heavy Vehicle Driver and the balance period driving experience of light motor vehicle. | एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, सी, बीए, बीएल<br>S, SE ST, W, BN, MF, C, BA, BL | सामग्रियों और कार्मिकों के परिवहन के लिए भारी वाहनों का प्रचालन और अनुरक्षण करना। यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि वाहन संगत नियमों के अनुसार है तथा निश्चित स्थान तक कार्गो का सुरक्षित परिवहन कर रहा है। वाहन के अनुरक्षण और उपयोग का अभिलेख रखें, परिवहन कार्यक्रमों के समन्वयन हेतु डिस्पैचरों और अन्य कार्मिकों के साथ बातचीत करें।<br>Operating and maintaining heavy vehicles for the transportation of goods and personnel. Responsible for ensuring the vehicle is in compliance with relevant regulations and safely transporting the cargo to its destination. Keep record of vehicle maintenance and usage, communicate with dispatchers and other personnel to co-ordinate transportation schedules. |
| | | | 09 में से 01 पद पूर्व-सैनिकों के लिए आरक्षित है। Out of 09, 01 post is reserved for Ex-servicemen. | | | | | | |

**नोट/Note:**

1. कुल निर्धारित अनुभव वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद का होना चाहिए।
   Total prescribed experience should be after obtaining valid Driving License.

2. अनुभव प्रमाणपत्र केवल सरकारी / अर्ध-सरकारी एजेंसियों / पंजीकृत कंपनियों / सोसाइटी / न्यास आदि से होना चाहिए। व्यक्तियों का दिया हुआ अनुभव प्रमाणपत्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
   Experience certificate should only be from Government / Semi-Government agencies / Registered Companies / Societies / Trusts, etc. Experience Certificate from individuals will not be accepted.

3. अनुभव के वर्षों की संख्या की गणना के लिए अंशकालिक अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।
   Part time experience will not be considered for calculation of number of years of experience.

4. आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित योग्यता और अनुभव प्राप्त करना अनिवार्य है।
   It is mandatory that the candidate should possess the requisite qualification and experience as on the last date of application.

5. भारी वाहन चालक-ए के मामले में, उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए जहां लोक सेवा बैज अनिवार्य है, अभ्यर्थी के पास आवेदन की अंतिम तिथि तक लोक सेवा बैज होना चाहिए।
   In the case of Heavy Vehicle Driver-A, for State(s)/Union Territory(ies) where Public Service Badge is mandatory, the candidate should possess Public Service Badge as on last date of application.

6. बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), उनके लिए अनारक्षित पद होने पर भी, उनके लिए उचित पदों के लिए आवेदन दे सकते हैं। तथापि, ऐसे पद पर चयन हेतु ऐसे अभ्यर्थियों पर सामान्य योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा।
   Persons with Benchmark Disability (PwBD) can apply to the posts suitable to them even if the post is not reserved for them. However, such candidates will be considered for selection to such post by general standard of merit.

7. वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उपर्युक्त रिक्तियां परिवर्तित हो सकती हैं।
   The above vacancies may vary depending upon the actual requirement.

8. कृपया ध्यान दें कि इन विज्ञापित पदों के लिए ऊपर निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और वह अभ्यर्थियों को चयन के लिए अपने आप पात्र नहीं बनाती है।
   Please note that the qualification prescribed above for the posts advertised is the minimum requirement and the same does not automatically make the candidates eligible for selection.

9. यदि ऐसी इच्छा है तो किसी भी चरण पर किसी भी पद को न भरने का अधिकार केंद्र,रखता है।
   The Centre reserves the right not to fill up any of the posts, if it so desires at any stage.

| | |
|---|---|
| संक्षिप्त-रूप<br>Abbreviations | अना. = अनारक्षित, अ.पि.व.= अन्य पिछड़े वर्ग, अनु.जा. = अनुसूचित जाति, ईडब्ल्यूएस = आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, एस = बैठना, एसई = देखना, एसटी = खड़ा रहना, डब्ल्यू = चलना, बीएन = झुकना, एमएफ = उंगलियों द्वारा परिचालन, सी = संचार, बीए= दोनों हाथ, बीएल = दोनों पैर<br>UR=Un-reserved, OBC=Other Backward Class, SC=Scheduled Caste, EWS=Economically Weaker Sections, S=Sitting, SE=Seeing, ST=Standing, W=Walking, BN=Bending, MF=Manipulation by Fingers, C=Communication, BA=Both Arms, BL=Both Legs |

**<u>आवेदन कैसे दें/HOW TO APPLY :</u>**

आवेदन मात्र ***<u>ऑन-लाइन ही</u>*** स्वीकार किए जाएंगे ***<u>तथा आवेदकों को आगे की सारी सूचना मात्र ई-मेल/वीएसएससी वेबसाइट द्वारा दी जाएगी। अतः आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल तथा वीएसएससी वेबसाइट समय-समय पर देखें।</u>*** ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कृपया ***दिनांक 13.11.2023 को 1000 बजे से दिनांक 27.11.2023 को 1700 बजे तक*** **http://www.vssc.gov.in** वेबसाइट देखें। ***नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल के अधीन पंजीकृत तथा योग्यता शर्तों को पूरा करनेवाले अभ्यर्थी इसरो वेबसाइट देखें तथा बताए गए अनुसार आवेदन प्रक्रिया का पालन करें।***

Applications will be received ***<u>on-line only and all further communications will be made to the applicants through e-mail/VSSC website only. Therefore, the applicants are advised to check their e-mail and visit the VSSC website from time to time</u>***. For submission of online applications, please visit VSSC website **http://www.vssc.gov.in** **from *1000 hours on 13.11.2023 to 1700 hours on 27.11.2023 The candidates registered under National Career Service (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit ISRO website and follow the application procedure as stated.***

*" सरकार एक ऐसे कार्यबल का प्रयास करती है जो लिंग संतुलन की अभिव्यक्ति करता है तथा महिला उम्मीदवारों को आवेदन देने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है"*
*"**Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply"***

## <u>सामान्य शर्तें / अनुदेश / GENERAL CONDITIONS/INSTRUCTIONS</u>

01. ये पद अस्थाई हैं, किंतु जारी रहने की संभावना है।
The posts are temporary, but likely to continue.

02. **आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अपेक्षित योग्यता रखनेवाले ही आवेदन दें।**
**THOSE WHO POSSESS THE REQUIRED QUALIFICATION AS ON THE LAST DATE OF APPLICATION ONLY NEED TO APPLY.**

03. **आयु सीमा** (दिनांक 27.11.2023 के अनुसार) और वेतन एवं भत्ते
**<u>AGE LIMIT</u>** (as on 27.11.2023) and Pay & allowances:

| क्र.सं. Sl No | पद सं. Post No. | पद/Post | आयु सीमा/Age Limit | | | | | सन्निकट प्रतिमाह वेतन/Approximate Salary per month |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. UR | अ.पि.व. OBC | अनु.जा. SC | अनु.ज.जा. ST | ईडब्ल्यूएस EWS | |
| 01 | 1521 | लघु वाहन चालक-ए Light Vehicle Driver-A | 35 वर्ष/years | 38 वर्ष/years | 40 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | ₹ 31,800/- |
| 02 | 1522 | भारी वाहन चालक-ए Heavy Vehicle Driver-A | 35 वर्ष/years | 38 वर्ष/years | 40 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | ₹ 31,800/- |

सभी पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।
Minimum age is 18 years for all posts.

पूर्व-सैनिक अशक्त रक्षा सेवा कार्मिक, उत्कृष्ट खिलाड़ी, बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं, एवं जिन्होंने पुनः शादी नहीं की है, भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट के पात्र हैं।

Ex-Servicemen, Disabled Defence Services personnel, Meritorious Sportspersons, Persons with Benchmark Disability (PwBD), Widows, divorced women and women judicially separated from their husbands and who are not re-married are eligible for age relaxation as per Government of India orders.

04. लघु वाहन चालक-ए (पद सं. 1521) तथा भारी वाहन चालक-ए (पद सं. 1522) के लिए, पदोन्नति मात्र रिक्ति के आधार पर है।
For Light Vehicle Driver-A (Post No.1521) & Heavy Vehicle Driver-A (Post No.1522), the promotion is against vacancy only.

05. संगठन, अन्य केंद्रीय सरकार कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं के अतिरिक्त स्वयं तथा आश्रितों को चिकित्सीय सुविधाएं (**अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना**), स्वयं को निःशुल्क परिवहन सुविधाएं/परिवहन भत्ता, सहायिकी-प्राप्त कैंटीन सुविधाएं, उपलब्धता के अधीन निवास हेतु घर प्रदान करता है। केंद्र में एक सुव्यवस्थित केंद्रीय विद्यालय तथा अच्छी पुस्तकों से युक्त एक पुस्तकालय भी है जो वृत्तिक विकास के लिए उत्तम अवसर प्रदान करता है।
The Organisation provides Medical facilities (**Contributory Health Service Scheme**) for self and dependants, free transport facilities/transport allowance, subsidised canteen facilities, housing accommodation subject to availability, in addition to the facilities available to the other Central Government Staff. The Centre has a well established Central School and a well-stocked Library that provides an excellent opportunity for professional development.

06. वर्तमान में, तैनाती का स्थान वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम है, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों को, जब कभी भी अपेक्षित हो, भारत में कहीं भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी यूनिट में तैनात किया जा सकता है।
At present the place of posting is at VSSC, Thiruvananthapuram, but the selected candidates are liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organisation/Department of Space situated anywhere in India as and when required.

07. भारत सरकार के अधीन नौकरियों में आरक्षण हेतु अनु.जा के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए अनु.जा प्रमाणपत्र कौशल परीक्षा के समय प्रस्तुत करना होगा।
SC candidates will have to submit SC certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format applicable for reservation in jobs under Government of India at the time of skill test.

08. अ.पि.व. के अभ्यर्थियों के संबंध में, आरक्षण मात्र उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध होगा जो नवोन्नत वर्ग की श्रेणी में नहीं आते हैं तथा उन्हें, लिखित परीक्षा के समय, भारत सरकार के अधीन नौकरियों में आरक्षण हेतु, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी किए गए नवीनतम अ.पि.व. (गैर-नवोन्नत वर्ग) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। अ.पि.व. प्रमाणपत्र में नवोन्नतम वर्ग में न शामिल होने की बात स्पष्ट रूप से होनी चाहिए तथा संगत समय पर यह अद्यतन/वैध होना चाहिए।

In respect of OBC candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in the Creamy Layer and have to submit latest OBC (non-creamy layer) certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format applicable for reservation in jobs under Government of India at the time of skill test. OBC certificate must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated/valid at the relevant point of time.

09. आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटा के अंतर्गत आवेदन देनेवाले अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 31.01.2019 के डीओपीटी का. ज्ञा. सं. 36039/1/2019-स्था. (आरईएस) में विनिर्दिष्ट प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। का. ज्ञा. में अनुबंधित शर्तों का अनुपालन न करने

की स्थिति में, ईडब्ल्यूएस के अधीन आरक्षित स्थिति के दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा और यदि सामान्य (अना.) श्रेणी के लिए सभी योग्यताएं पूरा करते हैं तो ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी/आवेदन पर सामान्य (अना.) रिक्तियों के अंतर्गत ही विचार किया जाएगा।

The candidates applying against Economically Weaker Sections (EWSs) quota should submit Income and Asset Certificate issued by the Competent Authority in the format prescribed in DOPT OM No.36039/1/2019-Estt(Res), dated 31.01.2019. In case of non-compliance of the conditions stipulated in the aforesaid OM, the claim for reserved status under EWS will not be entertained and candidature/application of such candidates, if fulfilling all the eligibility conditions for General (UR) category will be considered under General (UR) vacancies only.

10. जब कभी भी अपेक्षित हो अभ्यर्थियों को ऑन-लाइन में प्रस्तुत अपने आवेदनों में दिए गए ब्यौरों का प्रमाण देना होगा।
Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when required.

11. अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक जांच करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
Candidates should be willing to undergo biometric verification.

12. **<u>चयन प्रक्रिया / SELECTION PROCESS</u>:**
चयन प्रक्रिया के दो स्तर हैं, यानी (1) लिखित परीक्षा तथा (2) कौशल परीक्षा और ब्यौरे निम्नुसार हैं

The selection process consists of two levels ie (1) written test and (2) skill test and the details are as follows

| **स्तर/Level** | **चयन प्रक्रिया/Selection Process** |
|---|---|
| 1 | **लिखित परीक्षा/Written test**<br>1. लिखित परीक्षा पहले आयोजित की जाएगी और 1:10 के अनुपात में योग्यता के क्रम में लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर कौशल परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का लघुसूचीयन किया जाएगा।<br>The written test will be conducted first and short-listing of candidates for skill test will be done based on the written test scores in the order of merit in the ratio of 1:10.<br><br>2. लिखित परीक्षा के एक पेपर में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जिनमें से प्रत्येक के लिए एक अंक होगा और यह 2 घंटे (120 मिनट) की अवधि का होगा [प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए -0.25 अंक और उत्तर न दिए हुए प्रश्नों के लिए शून्य अंक रहेगा]।<br>The written test consists of one paper containing 100 objective questions carrying one mark each and will be of 2 hours (120 minutes) duration [Correct answers carry one mark each, wrong answers carry -0.25 mark each and unattended questions carry zero mark].<br><br>3. जो भाग-ए में न्यूनतम 50% अंक और भाग-बी, भाग-सी और भाग-डी में संयुक्त रूप से न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करते हैं, वे कौशल परीक्षा के लिए लघुसूचीयन हेतु विचार किए जाने के पात्र होंगे। लिखित परीक्षा के सभी चारों भागों में प्राप्त कुल अंकों की गणना कौशल परीक्षा के लिए लघुसूचीयन हेतु की जाएगी।<br>Those who secure a minimum of 50% marks in Part-A and minimum of 50% marks in Part-B, Part-C and Part-D combined in the written test will be eligible for consideration for shortlisting for skill test. Total marks obtained in all four parts of the written test will be reckoned for shortlisting for skill test.<br><br>4. यदि आरक्षित रिक्तियों (अनु.जा./अ.पि.व./पूर्व-सैनिक) को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं तो, कौशल परीक्षा के लिए 1:10 के |

| | |
|---|---|
| | निर्धारित अनुपात में बुलाए जाने हेतु छूट दिए गए मानकों के तहत आगे विचारार्थ, बढ़ते चरणों में, अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या तक पहुंचने के लिए लिखित परीक्षा के अंकों में 25% तक की छूट दी जाएगी।<br>In case sufficient number of candidates to fill up reserved vacancies (SC/OBC/Ex-servicemen) are not available, relaxation of marks upto 25% will be allowed in the written test, in increasing steps, to reach required number of candidates in the prescribed ratio of 1:10 to be called for skill test for further consideration under relaxed standards. |
| 2 | **कौशल परीक्षा/Skill test**<br>1. कौशल परीक्षा पूरी तरह से 'गो-नो-गो' आधार पर (उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण) होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों पर चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। कौशल परीक्षा का मूल्यांकन, योग्यता के लिए न्यूनतम 60% अंकों के साथ, 100-पोइंट स्केल पर किया जाएगा। कौशल परीक्षा में अनु.जा./अ.पि.व./पूर्व-सैनिक अभ्यर्थियों को कोई छूट नहीं दी जाएगी।<br>The skill test will be purely on 'go-no-go' basis (pass or fail) and marks obtained in the skill test will not be considered for selection. The skill test will be evaluated on a 100-point scale with minimum 60% for qualification. No relaxation is allowed to SC/OBC/Ex-servicemen candidates in the skill test.<br>2. अंतिम चयन, कौशल परीक्षा में योग्यताप्राप्त अभ्यर्थियों में से किया जाएगा, जो पूरी तरह से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। 60% अंकों के साथ कौशल परीक्षा में योग्यता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में पैनल तैयार किया जाएगा। अंकों में टाई होने की स्थिति में, अधिसूचित योग्यता के अकादमिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे।<br>The final selection will be done amongst skill test qualified candidates, purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify in the skill test with 60% marks, empanelment will be done in the order of marks obtained in the written test. In case of a tie in the written scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker. |

लिखित परीक्षा के केंद्र तिरुवनंतपुरम और एर्णाकुलम में होंगे।
The written test centre will be in Thiruvananthapuram & Ernakulam.

एलवीडी-ए और एचवीडी-ए के चयन हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम और अंकों का विभाजन इस प्रकार हैं:
The syllabus for written test and apportionment of marks for different parts of selection of LVD-A and HVD-A is as follows:

| क्र.सं.<br>Sl No. | पाठ्यक्रम<br>Syllabus | आबंटित अंक<br>Marks Allotted |
|---|---|---|
| 1 | **भाग-ए [समय-समय पर यथा संशोधित मोटर वाहन अधिनियम, 1988 पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न]<br>PART-A [OBJECTIVE TYPE QUESTIONS BASED ON MOTOR VEHICLES ACT, 1988 AS AMENDED FROM TIME TO TIME]** | |
| | i. समय-समय पर यथा संशोधित मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की विविध धाराएं।<br>Various Sections of Motor Vehicle Act, 1988 as amended from time to time.<br>ii. मोटर वाहनों के चालकों का अनुज्ञापन/Licensing of Drivers of Motor Vehicles<br>iii. मोटर वाहनों का पंजीकरण/Registration of Motor Vehicles<br>iv. परिवहन वाहनों का नियंत्रण/Control of Transport Vehicles<br>v. यातायात का नियंत्रण/Control of Traffic | **50 अंक/marks** |

| | | |
|---|---|---|
| | vi. मोटर वाहनों की बीमा/Insurance of Motor Vehicles<br>vii. अपराध, दंड और प्रक्रिया/Offence, Penalties and Procedure<br>viii. अनिवार्य संकेत/Mandatory signs<br>ix. दुर्घटना के दावे/Accident Claims<br>x. दुर्घटना-दावा न्यायाधिकरण/Accident Claims Tribunals | |
| 2 | **भाग-बी [अंग्रेजी - 8वीं कक्षा के स्तर की प्रारंभिक अंग्रेज़ी]**<br>**PART-B [ENGLISH – ELEMENTARY ENGLISH OF $8^{TH}$ STANDARD LEVEL]** | |
| | i. पर्यायवाची, विलोम शब्द/Synonyms, Antonyms<br>ii. सही क्रियाओं का प्रयोग/Use of correct verbs<br>iii. वाक्यों में खाली जगहों को भरने के लिए दिए गए शब्दों और वाक्यांशों में से उपयुक्त का चयन करें।<br>Choosing appropriate given words and phrases to fill-in the blanks in sentences | **15 अंक/marks** |
| 3 | **भाग-सी [अंकगणित - 10वीं कक्षा स्तर का प्रारंभिक अंकगणित]**<br>**PART-C [ARITHMETIC – ELEMENTARY ARITHMETIC OF $10^{TH}$ STANDARD LEVEL]** | |
| | i. योग, व्यवकलन, गुणन, विभाजन<br>Addition, Subtraction, Multiplication, Division<br>ii. प्रतिशत, अनुपात, औसत/Percentage, Ratio, Average | **15 अंक/marks** |
| 4 | **भाग-डी PART-D [सामान्य ज्ञान/GENERAL KNOWLEDGE]** | |
| | i. सामान्य ज्ञान, सामयिकी/General Knowledge, Current Affairs<br>ii. 'जाने माने व्यक्ति'/'Who' is 'Who'<br>iii. भारत के राज्य और राजधानियां/States and Capitals of India<br>iv. भारत का भूगोल-शास्त्र/Geography of India | **20 अंक/marks** |

कृपया ध्यान दें कि विज्ञापित पदों के लिए ऊपर निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और वह अभ्यर्थियों क◌ो चयन के लिए स्वतः योग्य नहीं बनाती है।
Please note that the qualification prescribed above for the posts advertised is the minimum requirement and the same does not automatically make the candidates eligible for selection.

13. केवल भारतीय नागरिक आवेदन दें।/Only Indian Nationals need apply.

14. किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।/No interim correspondence will be entertained.

15. किसी भी रीति से पक्षप्रचार अयोग्यता माना जाएगा।/Canvassing in any form will be a disqualification.

16. केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम, स्वायत्त निकाय आदि के अधीन कार्यरत अभ्यर्थियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करना या कौशल परीक्षा के समय 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना चाहिए।
Candidates working under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous bodies etc. should submit their application through proper channel or submit 'No objection certificate' at the time of skill test.

17. **पूरी सूचना के बिना प्रस्तुत आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत किया जाएगा।**
**Applications submitted without complete information will summarily be rejected.**

18. **<u>आवेदन शुल्क का भुगतान/PAYMENT OF APPLICATION FEE:</u>**

19. प्रारंभ में, सभी आवेदकों को समान रूप से आवेदन शुल्क के रूप में ₹500 का भुगतान करना होगा। महिला/अनुसूचित जाति (अनु.जा.)/अनुसूचित जनजाति )अनु.ज.जा.)/पूर्व सैनिक [पू.सै.] और बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) अभ्यर्थियों को पूरा शुल्क वापस किया जाएगा, **बशर्ते कि उन अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थित रहना चाहिए।** अन्य अभ्यर्थियों के लिए, लिखित परीक्षा में उपस्थित होने पर लागू अनुसार बैंक प्रभारों की विधिवत् कटौती करते हुए ₹400 की राशि यथासमय वापस की जाएगी। शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग/यूपीआइ के माध्यम से केवल एकीकृत एसबीआइ ई-पे सुविधा द्वारा किया जाए। भुगतान की कोई अन्य विधा स्वीकार्य नहीं होगी। शुल्क के भुगतान हेतु लागू सभी सेवा प्रभारों का वहन आवेदक द्वारा किया जाएगा। परीक्षा शुल्क के वापस करने योग्य हिस्से को लागू अनुसार बैंक प्रभारों की विधिवत् कटौती करते हुए वापस किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों का आवेदन अपूर्ण है या जिन्होंने अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है या जिनका आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया है, उनके द्वारा प्रदत्त आवेदन शुल्क को वापस नहीं किया जाएगा। आवेदकों को आवेदन शुल्क की वापसी के लिए बैंक के ब्यौरे, यानी **खाता संख्या, आइएफएससी कोड, बैंक का नाम, शाखा का नाम और खाता धारक का नाम,** सही ढंग से प्रस्तुत करने चाहिए। ऑन-लाइन आवेदन में आवेदक द्वारा बैंक के ब्यौरों की गलत प्रविष्टि के परिणामस्वरूप आवेदन शुल्क की वापसी में उत्पन्न होनेवाली किसी भी समस्या के लिए वीएसएससी ज़िम्मेदार नहीं रहेगा। इस संबंध में, निम्नलिखित श्रेणियों में आनेवाले आवेदकों को अपने संगत प्रमाणपत्र निम्नानुसार अपलोड करने होंगे:

Initially, all applicants have to uniformly pay Rs.500 as application fee. Female / Scheduled Castes (SC) / Scheduled Tribes (ST) / Ex-servicemen [EX-SM] and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates will be refunded full fee **subject to the condition that the candidates should appear in the written test**. For other candidates, an amount of Rs.400 will be refunded in due course duly deducting bank charges as applicable on appearing written test. Fee may be paid online through Credit Card / Debit Card / Internet Banking/ UPI only through Integrated SBI ePay facility. No other mode of payment will be acceptable. All applicable service charges for payment of fee shall be borne by the applicant. The refundable portion of examination fee shall be refunded duly deducting bank charges as applicable. The application fee paid by the candidates whose application is incomplete or those who have not submitted their application or whose application is rejected, will not be refunded. The applicants shall correctly furnish Bank details for the purpose of Refund of application fee viz. **Account No.**, **IFSC Code, Name of Bank, Name of Branch and Name of the Account Holder**. VSSC will not be held responsible for any issue arising in refund of the application fee as a result of incorrect entry of bank details by the applicant in the online application. In this regard, the applicants belonging to the following categories are required to upload their relevant certificates as follows :

1. अनु.जा./अनु.ज.जा. आवेदक- अनु.जा./अनु.ज.जा. प्रमाणपत्र / SC/ST candidates – SC/ST certificate
2. पूर्व-सैनिक आवेदक - सेवामुक्ति प्रमाणपत्र / Ex-servicemen candidates – Discharge certificate
3. पीडब्ल्यूबीडी आवेदक - अशक्तता प्रमाणपत्र / PwBD candidates – Disability certificate

20. **<u>आवेदन की प्रस्तुति/SUBMISSION OF APPLICATION:</u>**

ऑन-लाइन पंजीकरण करने पर आवेदकों को एक ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या दी जाएगी, जिसे भावी संदर्भ के लिए सुरक्षित रखा जाए। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे भावी संदर्भ के लिए ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंट-आउट लें।
Upon on-line registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. The candidates are also advised to take a printout of the online application for future reference.

21. <u>आवेदक को किसी भी प्रकार के दस्तावेज़, जैसे; ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंट-आउट, शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, आयु आदि के प्रमाण के रूप में प्रमाणपत्रों/अंकसूचियों की प्रतियां आदि डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है।</u>

The applicants need not send any documents by post such as printout of online application, copies of certificates / mark lists in proof of educational qualification, work experience, age etc.

22. **यह नोट करें कि विज्ञापन में किसी भी संशोधन से संबंधित शुद्धिपत्र, यदि कोई हो तो, केवल वीएसएससी वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा और समाचार पत्रों में अधिसूचित/विज्ञापित नहीं किया जाएगा।**
**It may be noted that corrigendum, if any, related to any modifications to the advertisement will be notified in VSSC website only and will not be notified/advertised in newspapers.**

**नोट: अनुलिपि/बहु आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में नवीनतम आवेदन, जिसके लिए आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि के अंदर 'आवेदन शुल्क' प्राप्त हुआ है, पर ही विचार किया जाएगा।**
**Note : In case of submission of duplicate/multiple applications the latest application against which the 'application fee' has been received within the last date of payment of application fee only will be considered.**

***चेतावनी / WARNING:***
*• • अपनी पहुंच या अनुचित और अनैतिक तरीकों का उपयोग कर वीएसएससी/इसरो में नौकरी दिलवाने के झूठे वादे देकर धोखा देने की कोशिश करने वाले दलाल और नौकरी ठगों से सावधान रहें। वीएसएससी/इसरो कभी भी अपनी ओर से कार्रवाई के लिए किसी एजेंट (एजेंटों) या कोचिंग सेंटर की नियुक्ति नहीं करता है। आवेदकों को व्यक्तियों/एजेंसियों द्वारा किए जा रहे ऐसे किसी भी दावे के खिलाफ चेतावनी दी जाती है। अभ्यर्थियों का चयन पूर्ण रूप से योग्यता के अनुसार किया जाता है। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें और उनके झांसे में न आएं।*

***Beware of Touts and job racketeers trying to deceive by false promises of securing job in VSSC/ISRO either through influence or by use of unfair and unethical means. VSSC/ISRO never appoints any agent(s) or coaching center(s) for action on its behalf. Candidates are warned against any such claims being made by persons/agencies. Candidates are selected purely as per merit. Beware of unscrupulous elements and do not fall in their trap.***

**• अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल वीएसएससी/इसरो का सरकारी वेबसाइट देखें और अनैतिक तत्वों/दलालों द्वारा बनाए गए नकली वेबसाइटों और सोशल मीडिया सामग्री से सावधान रहें।**
***Candidates are advised to visit only the official website of VSSC/ISRO and beware of FAKE websites and social media content put up by unscrupulous elements/touts.***

*****************